हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2019

क्या है?

हाल ही में जारी हेनले पासपोर्ट सूचकांक, 2019 (Henley Passport Index, 2019) में भारत के पासपोर्ट को 86वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु:

इस सूचकांक में कुल 199 पासपोर्टों और 227 छोटे-बड़े देशों को शामिल किया गया है।

इस सूचकांक में भारत का मोबिलिटी स्कोर 58 है। जिसका तात्पर्य है कि भारत के पासपोर्ट के साथ आप विश्व के 58 देशों में बिना किसी पूर्व वीजा के यात्रा कर सकते हैं।

189 के मोबिलिटी स्कोर के साथ जापान और सिंगापुर इस सूचकांक में सबसे शीर्ष स्थान पर हैं।

इस सूचकांक में सबसे निचले स्थान (109वें) पर अफगानिस्तान है, जिसके पासपोर्ट धारक 25 देशों में बिना किसी पूर्व वीजा के यात्रा कर सकते हैं।

अन्य भारतीय पड़ोसी देशों की रैंकिंग

अन्य भारतीय पड़ोसी देशों की रैंकिंग		
देश	रैंकिंग	स्कोर
बांग्लादेश	101	39
चीन	74	70
पाकिस्तान	106	30
नेपाल	102	38
म्याँमार	97	46
भूटान	92	52

हेनले पासपोर्ट सूचकांक:

- यह सूचकांक हेनले ग्लोबल मोबिलिटी रिपोर्ट (Henley Global Mobility Report) का एक हिस्सा है जिसे इंटरनेशनल सर्वे कंपनी 'हेनली एंड पार्टनर्स' द्वारा जारी किया जाता है।
- यह सूचकांक दुनिया के सभी पासपोर्टों की क्रमबद्ध रैंकिंग करता है और यह बताता है कि किसी एक विशेष देश का पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना पूर्व वीजा के यात्रा कर सकता है।
- यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) द्वारा जारी किये जाने वाले डेटा के आधार पर तैयार की जाती है।